# संस्कृत पुस्तक - 6

( छठी कक्षा के लिए )

C5L6R9

ਸਮੱਗਰ ਸਿੱਖਿਆ ਅਭਿਆਨ

ਪੜ੍ਹੋ ਸਾਰੇ ਵਧੋ ਸਾਰੇ

ਸਿੱਖਿਆ ਅਤੇ ਭਲਾਈ ਵਿਭਾਗ, ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਸਾਂਝਾ ਉਪਰਾਲਾ


## पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड

साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर

© पंजाब सरकार

**संशोधित संस्करण : 2025-26 .................. 511 प्रतियां**

**All rights, including those of translation, reproduction and annotation etc., are reserved by the Punjab Government**

**लेखक :** डॉ. वेद प्रकाश ''वाचस्पति''

**सम्पादिका :** श्रीमती सरोज आर्य

**चित्रकार :** श्रीमती कुलजीत कौर

## चेतावनी

1. कोई भी एजेंसी-होल्डर अधिक पैसे लेने के उद्देश्य से पाठ्य-पुस्तकों पर जिल्दबन्दी नहीं कर सकता। (एजेंसी-होल्डरों के साथ हुए समझौते की धारा नं. 7 के अनुसार)
2. पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित पाठ्य-पुस्तकों का जाली प्रकाशन, जमाखोरी या बिक्री आदि करना भारतीय दंड प्रणाली के अन्तर्गत गैरकानूनी है।

   (पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की पाठ्य-पुस्तकें बोर्ड के 'वाटर मारक' वाले कागज के ऊपर ही मुद्रित की जाती हैं।)

ਸਮੱਗਰ ਸਿੱਖਿਆ ਅਭਿਆਨ

ਪੜ੍ਹੋ ਸਾਰੇ ਵਧੋ ਸਾਰੇ

ਸਿੱਖਿਆ ਅਤੇ ਭਲਾਈ ਵਿਭਾਗ, ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਸਾਂਝਾ ਉਪਰਾਲਾ

ਇਹ ਪੁਸਤਕ ਵਿਕਰੀ ਲਈ ਨਹੀਂ ਹੈ।

**सचिव,** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड, विद्या भवन, फेज-8, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर-160062 द्वारा प्रकाशित एवं मैसर्स **स्वैन प्रिंटिंग प्रैस,** जालन्धर द्वारा मुद्रित।

# प्राक्कथन

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधिनियम (एक्ट) के अनुसार बोर्ड का प्रमुख उत्तरदायित्व सभी विषयों के पाठ्यक्रम तैयार करना और उन पाठ्यक्रमों के अनुसार पाठ्य-पुस्तकें तैयार करना और उन्हें नवीन शिक्षा नीति के अनुसार संशोधित करना है। इन संशोधित पाठ्यक्रमों के आधार पर विभिन्न विषयों की पाठ्य-पुस्तकें तैयार की जा रही हैं। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्कृत विषय की मिडल, मैट्रिक तथा ग्यारहवीं तथा बारहवीं श्रेणियों की पाठ्य पुस्तकें तैयार करने की योजना बनाई गई है।

यह पुस्तक दाखिला वर्ष 1998 से छठी श्रेणी के लिए संशोधित पाठ्यक्रम के अनुसार तैयार की गई है। पुस्तक को विद्यार्थियों के मानसिक स्तरानुरूप बनाने का यथेष्ट प्रयत्न किया गया है। आवश्यक व्याकरण तथा शब्दकोश को पाठ्य-पुस्तक का अंग बना दिया गया है।

आशा की जाती है कि यह पुस्तक विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। फिर भी पुस्तक को और अधिक लाभदायक बनाने के लिए विद्वानों द्वारा दिए गए सुझाव, बोर्ड द्वारा सादर स्वीकार किए जाएंगे।

**चेयरमैन**

**पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड**

## इस पुस्तक के बारे में

१. संस्कृत को प्रारम्भ करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तक एक प्रवेशिका है, यह एक सुगम प्रवेश-द्वार है। अत एव इस पुस्तक को हर प्रकार से प्रारम्भिक स्तर के अनुकूल बनाया गया है।

२. संस्कृत-शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले विद्यार्थी का यह पहला ही पग है। उस की सुविधा को दृष्टि में रखते हुए उसे विविध शब्दों की रूपरचना से परिचित कराने के लिए अत्यन्त सरल एवं सीमित शब्द वर्गों को ही यहां पर रखा गया है, यथा-

(क) नामशब्दों में केवल अकारान्त पुंलिंग और अकारान्त नपुंसकलिंग शब्दों का ही प्रयोग यहां पर किया गया है।

(ख) उन्हीं के समान, विशेषण शब्दों में भी केवल अकारान्त पुंलिंग और अकारान्त नपुंसकलिंग शब्दों को ही चुना गया है।

(ग) तदनुसार, सर्वनाम शब्दों में तद् को पुंलिंग एवं नपुंसकलिंग में तथा युष्मद्, अस्मद् को ही यहां पर लिया गया है, और वे भी केवल प्रथमा विभक्ति में।

(घ) क्रियाशब्दों के लिए यहां पर मात्र भ्वादि-तुदादि-गणों की परस्मैपदी धातुएँ केवल लट् लकार में ही प्रयुक्त की गयी हैं।

इस प्रकार से, प्रारम्भिक विद्यार्थियों के हित में, विविध शब्दों की रूपरचना के क्षेत्र को यथासम्भव न्यूनतम सीमा रेखाओं में ही मर्यादित किया गया है। इतने से ही सुघटित, सार्थक वाक्य, कथा, एवं संलाप आदि की रचना हो सकती है। इन सीमित कतिपय वर्गों के अतिरिक्त अन्य शब्द-वर्गों की रूपरचना को जानने के लिए क्रमशः अगली श्रेणियों में समुचित अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ पर पहले पग के लिए तो इतना ही पर्याप्त है, ताकि यह पहला पग सुगम एवं सुखद बना रहे।

३. इस पुस्तक की शब्दावली का चयन करते समय, इस विचार को पहल दी गयी है कि ये शब्द श्रेत्रीय भाषा में प्रायः तत्सम या तद्भव रूप में प्रचलित हैं, और इस कारण से विद्यार्थी के लिए चिर-परिचित हैं, जैसे- बालक, पुत्र, सिंह, वानर, काक, कोकिल, हंस, जल, फल, पत्र, घास, नील, पीत, रक्त, सुन्दर, चंचल, खेल्, हस्, चर्, पठ्, लिख्, खाद्, पिब्, चर्व्, चूष्, गर्ज्, कूर्द् आदि।

४. विषयवस्तु के लिए भी उन्हीं पदार्थों, कार्यों या दृश्यों को वाक्यों में वर्णित किया गया है, जो विद्यार्थी के प्रतिदिन के परिचय में अथवा व्यवहार में आते हैं, या उस के निकट परिवेश से सम्बन्धित हैं।

५.	इस पुस्तक की रचनाशैली भी विशेष ध्यान देने योग्य है। इसकी वाक्य रचना अति सरल है, चुस्त है, बोझिल नहीं। इस में प्रवाह है। सरलातिसरल वाक्यों से बने छोटे-छोटे पाठ विद्यार्थी की सुरुचि को बनाये रखते हैं।

इस के साथ ही, सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि भाषा-शिक्षण (Language Teaching) के नवीनतम सिद्वान्त संरचना-सारणी (Structural Approach) का सफल उपयोग इस पुस्तक के पाठों की रचना में किया गया है। इसके अनुसार, एक-एक संरचना (Structure) को, अर्थात वाक्य में प्रस्तुत किये गये नाम-सर्वनाम-विशेषण-क्रिया-शब्दों के एक-एक प्रकार के रूप-प्रयोग को, बार-बार पाठ के वाक्यों में, उनके अभ्यासों में, तथा अनुवाद-प्रत्यनुवाद के लिए देकर, उसे विद्यार्थी के मन-मस्तिष्क की गहराई में दृढ़ता से अंकित कर देने का भरसक प्रयास किया है।

६.	किसी संरचना को बार-बार सुनने, पढ़ने या प्रयोग करने पर विद्यार्थी अपने-आप ही उस संरचना के साथ अभ्यस्त हो जाता है। बार-बार का यह अभ्यास ही धीरे-धीरे उस संरचना के 'क्या, क्यों और कैसे' के रहस्य को विद्यार्थी के मन में उकेरने लगता है, और फिर उस का निष्कर्ष, अर्थात् नियम भी स्वयं उभरता प्रतीत होता है। अध्यापक ऐसे अवसर पर विद्यार्थी के साथ प्रश्नोत्तर के रूप में संवाद करते हुए, उस संरचना के तल में काम कर रहे नियम को विद्यार्थी के मुख से कहलवा कर, उसके मन में भर रहे निष्कर्ष को सम्पुष्ट कर सकता है।

७.	इस विधि के द्वारा, दृष्टान्त के सिद्धान्त की ओर, अर्थात् प्रयोग के द्वारा नियम को समझने की ओर, अग्रसर होते हुए निगमन-पद्धति (Deductive Method) के आधार पर, वाक्यरचना के नियमों का गहरा और अमिट प्रभाव विद्यार्थी के मन पर पड़ता है। यही एक सहज एवं सरलतम विधि है किसी भाषा को सीखने और उसके व्यावहारिक व्याकरण को समझने की।

८.	प्रत्येक पाठ के अन्त में दिये गये अभ्यास एवं अनुवाद-प्रत्यनुवाद के प्रश्नों को उस-उस पाठ का सहायक एवं पूरक (Supplementary & Complementary) अंग समझ कर, उन पर अनिवार्य रूप से कार्य किया जाना चाहिए। संस्कृत बनाने के लिए दिये गये हिन्दी-वाक्य वस्तुत: उस पाठ के संस्कृत वाक्यों का ही हिन्दी-रूपान्तर हैं। प्रत्यनुवाद की इस प्रक्रिया से संस्कृत बनाने में विद्यार्थी को बहुत आसानी रहेगी। इस प्रकार से विद्यार्थी जहाँ बिना किसी कठिनाई के संस्कृत बनाने का अभ्यास कर पायेगा, वहाँ पर वह उस पाठ के वाक्यार्थों और वाक्यरचना के नियमों के ज्ञान को सुदृढ़ कर सकेगा। ठीक ही तो है- द्विर्बद्धं सुबद्धं भवति।

९.	पाठ के अन्त में 'अध्यापन-संकेत' के अन्तर्गत कुछ सुझाव अध्यापक की कार्य-विधि के लिए दिये हैं। पाठों के वाक्यों के रचना-नियमों के बारे में भी स्थान-स्थान पर कुछ कहा गया है।

अध्यापक स्वयं अपने शब्दों में विद्यार्थी के साथ प्रश्नोत्तर करते हुए, उस पाठ के वाक्यों की रचना या शब्दों के विभक्ति-रूपों की समानता को आधार बना कर, तत्सम्बन्धी नियम का निष्कर्ष निकालने में विद्यार्थी को पथ प्रदर्शन और सहयोग दें, जबकि विद्यार्थी की अपनी विचारणा भी उसी ओर अग्रसर होने का यत्न कर रही होती है। अवश्यमेव इस से व्याकरण-नियमों को रटने के स्थान पर, उन्हें समझ कर याद रखने में अनुपम सहायता मिलेगी।

१०. हमें पूर्ण विश्वास है कि इस पुस्तक के माध्यम से विद्यार्थी के लिए संस्कृत के साथ यह प्रथम परिचय अत्यन्त सुखद रहेगा।

**-डॉ. वेद प्रकाश 'वाचस्पति'**

# विषय-सूची


| पाठ संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अकारान्त पुलिंग : नामशब्द | 1 |
| 2. | नामशब्द : प्रथमा विभक्ति एकवचन, क्रियाशब्द : प्रथम पुरुष, एकवचन | 4 |
| 3. | नामशब्द : प्रथमा विभक्ति द्विवचन, क्रियाशब्द : प्रथम पुरुष, द्विवचन | 8 |
| 4. | नामशब्द : प्रथमा विभक्ति बहुवचन; क्रियाशब्द : प्रथम पुरुष, बहुवचन | 10 |
| 5. | सर्वनाम शब्द : तद् पुलिंग, प्रथमा विभक्ति तीनों वचन, क्रियाशब्द : प्रथम पुरुष तीनों वचन | 12 |
| 6. | सर्वनाम शब्द : युष्मद्, प्रथमा विभक्ति एकवचन: क्रियाशब्द: मध्यम पुरुष, एकवचन | 15 |
| 7. | सर्वनाम शब्द : युष्मद्, प्रथमा विभक्ति द्विवचन: क्रियाशब्द : मध्यम पुरुष, द्विवचन | 17 |
| 8. | सर्वनाम शब्द : युष्मद्, प्रथमा विभक्ति बहुवचन; क्रियाशब्द : मध्यम पुरुष, बहुवचन | 19 |
| 9. | सर्वनाम शब्द: अस्मद्, प्रथमा विभक्ति एकवचन; क्रियाशब्द: उत्तम पुरुष, एकवचन | 21 |
| 10. | सर्वनाम शब्द : अस्मद्, प्रथमा विभक्ति द्विवचन; क्रियाशब्द: उत्तम पुरुष, द्विवचन | 23 |
| 11. | सर्वनाम शब्द : अस्मद्, प्रथमा विभक्ति बहुवचन; क्रियाशब्द: उत्तम पुरुष, बहुवचन | 25 |
| 12. | विशेषण शब्द : अकारान्त, पुलिंग, प्रथमा विभक्ति | 27 |
| 13. | नामशब्द : अकारान्त, पुलिंग, द्वितीया विभक्ति | 29 |
| 14. | नामशब्द/विशेषण शब्द : अकारान्त, पुलिंग, द्वितीया विभक्ति | 31 |

15. नामशब्द : अकारान्त नपुंसकलिंग। सर्वनाम शब्द : तद्, नपुंसकलिंग, प्रथमा विभक्ति 33

16. नामशब्द–सर्वनाम–विशेषण–शब्द : नपुंसकलिंग, प्रथमा विभक्ति/द्वितीया विभक्ति 35

17. नामशब्द–विशेषण–शब्द : पुलिंग/नपुंसकलिंग, तृतीया विभक्ति 37

18. नामशब्द–विशेषण–शब्द : पुलिंग/नपुंसकलिंग, चतुर्थी विभक्ति 40

19. नामशब्द–विशेषण शब्दः पुलिंग/नपुंसकलिंग, पंचमी विभक्ति 43

20. नामशब्द–विशेषण–शब्द : पुलिंग/नपुंसकलिंग, षष्ठी विभक्ति 45

21. नामशब्द–विशेषण–शब्दः पुलिंग/नपुंसकलिंग, सप्तमी विभक्ति 47

22. नामशब्द–विशेषण शब्दः पुलिंग/नपुंसकलिंग, सम्बोधन विभक्ति 49

23. कथा – काकः लोमशः च 51

24. संलापः – वन–विहारः 53
(संख्याशब्द : पुलिंग/नपुंसकलिंग, प्रथमा विभक्ति)

25. लोकोक्ति–वचनानि 56

**व्याकरण – भागः** 57

**शब्दकोशः** 69

## पाठ : 1

# [ अकारान्त पुलिंग नामशब्द ]

छात्र :

बालक :

युवक :

अज :



गज :

अश्वः



शुकः

कोकिलः

काकः

## शब्दार्थ --

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्रः | = | विद्यार्थी | बालकः | = | लड़का | युवकः | = | नौजवान |
| अजः | = | बकरा | गजः | = | हाथी | अश्वः | = | घोड़ा |
| शुकः | = | तोता | कोकिलः | = | कोयल | काकः | = | कौवा |

## अभ्यास :-

1. **नीचे दिए गये चित्रों के लिए ठीक नाम चुनकर लिखोः-**

............ ............ ............

युवकः/बालकः/छात्रः गजः/अजः/अश्वः कोकिलः/शुकः/काकः

2. **प्रत्येक चित्र के नीचे उस का नाम संस्कृत में लिखोः-**

............ ............ ............

3. **इन संस्कृत शब्दों के अर्थ लिखोः-**

युवकः........... गजः.......... काकः..........

4. **इनके लिए संस्कृत शब्द लिखोः-**

विद्यार्थी....... बकरा........ कोयल........

## अध्यापन-संकेतः-

अध्यापक चित्रों के माध्यम से संस्कृत नामशब्दों को जानने के लिए विद्यार्थियों में रुचि पैदा करने का यत्न करें। उन्हें ऐसे कुछ और चित्र भी इकट्ठा कर के कापी में लगा कर उन के नाम संस्कृत में लिखने को कहें।

●●●

## पाठ : 2

## [ नामशब्दः प्रथमा विभक्ति, एकवचन।

## क्रियाशब्दः प्रथम पुरुष, एकवचन ]

बालकः खेलति।

युवकः हसति।

छात्रः पठति।

छात्रः लिखति।



अजः चरति।



गजः चलति।



अश्वः धावति।

शुकः वदति।

काकः कायति।

कोकिलः कूजति।

## शब्दार्थः-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खेल् | = | खेलना | खेलति | = | (वह) खेलता है |
| चल् | = | चलना | चलति | = | (वह) चलता है |
| हस् | = | हँसना | हसति | = | (वह) हँसता है |
| धाव् | = | दौड़ना | धावति | = | (वह) दौड़ता है |
| पठ् | = | पढ़ना | पठति | = | (वह) पढ़ता है |
| वद् | = | बोलना | वदति | = | (वह) बोलता है |
| लिख् | = | लिखना | लिखति | = | (वह) लिखता है |
| काय् | = | काँव-काँव करना | कायति | = | (वह) काँव-काँव करता है |
| चर् | = | चरना | चरति | = | (वह) चरता है |
| कूज् | = | कुहू-कुहू करना | कूजति | = | (वह) कुहू-कुहू करती है |

## अभ्यास :-

1. **चित्र को देख कर, नीचे दिए गए कोष्ठक से उपयुक्त शब्द चुनों, और वाक्य को पूरा करो:-**



(छात्र :/ बालक: )---पठति।   (गज:/अज: )---चरति   (काक:/शुक्र: )---वदति



युवक:--- (खेलति/हसति)। अश्व :---(धावति/चलित)। काक:--- (कूजति/कायति)

2. **निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ सुलेख में लिखो:-**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| बालक: खेलति। | |
| गज: चलित। | |
| कोकिल: कूजति। | |

### 3. संस्कृत बनाओः-

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| नौजवान हँसता है। | |
| बकरा चरता है। | |
| तोता बोलता है। | |

## अध्यापन-संकेतः-

विद्यार्थी पहले ही हिन्दी से परिचित हैं, इसलिए हिन्दी शब्दों के उदाहरण देकर संस्कृत शब्दों को समझाना आसान होगा। हिन्दी शब्दों को वाक्य में प्रयुक्त करते समय उनमें कुछ चिह्न लगते हैं, जैसे .... लड़का, लड़के, लड़के ने, लड़के को, लड़कों ने आदि, इसी प्रकार संस्कृत शब्दों को वाक्य में प्रयुक्त करने के लिए उनमें विभक्ति चिह्न लगाये जाते हैं, जैसे ..... बालकः, युवकः, छात्रः आदि।

संस्कृत नामशब्दों को क्रिया का कर्ता बनाने के लिए प्रथमा विभक्ति के चिह्न लगते हैं; कर्ता यदि एक है तो एकवचन का चिह्न ':' (विसर्ग) लगता है, जैसे बालकः आदि।

इसी प्रकार क्रियाशब्द के प्रथम पुरुष एकवचन में 'ति' लगता है, जैसे .... खेलति, हसति, पठति, आदि। जिस प्रकार हिन्दी में क्रियाशब्द में 'ता' चिह्न लगता है। संस्कृत में क्रियाशब्द में 'ति' चिह्न लगता है।

●●●

## पाठ : 3

## [ नामशब्द : प्रथमा विभक्ति, द्विवचन।

## क्रियाशब्द : प्रथम पुरुष, द्विवचन ]



| | |
|---|---|
| बालकौ खेलतः। | युवकौ हसतः। |
| छात्रौ पठतः। | छात्रौ लिखतः। |
| अजौ चरतः। | गजौ चलतः। |
| अश्वौ धावतः। | शुकौ वदतः। |
| काकौ कायतः। | कोकिलौ कूजतः। |

### शब्दार्थ :-

बालकौ = (दो लड़के) खेलतः = (वे दो) खेलते हैं

## अभ्यास :-

1. **बालकौ, अजौ, शुकौ – इन नामशब्दों को नीचे दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर लिख कर, वाक्यों को पूरा करो :-**

   ........ वदतः।    ........ खेलतः।    .......... चरतः।

2. **पठतः, धावतः, कायतः – इन क्रियाशब्दों को नीचे के वाक्यों में यथास्थान लिख कर वाक्यों को पूरा करोः-**

   अश्वौ ....।    काकौ ......।    छात्रौ .....।

3. **नीचे दिए गए संस्कृत वाक्यों का अर्थ लिखोः-**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| युवकौ हसतः।<br>कोकिलौ कूजतः।<br>गजौ चलतः। | |

4. **संस्कृत बनाओः-**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| दो विद्यार्थी लिखते हैं।<br>दो तोते बोलते हैं।<br>दो घोड़े दौड़ते हैं। | |

## अध्यापन – संकेतः-

अध्यापक विद्यार्थियों को बतायें कि जहाँ क्रिया को करने वाले, अर्थात् कर्ता, दो हों, वहाँ पर उन के नामशब्द में प्रथमा विभक्ति का द्विवचन का चिह्न 'ौ' लगता है, जैसे – बालकौ, युवकौ, छात्रौ, आदि।

वहाँ पर क्रियाशब्द में भी प्रथम पुरुष का द्विवचन का चिह्न 'तः' लगता है, जैसे– खेलतः, हसतः, लिखतः आदि।

●●●

## पाठ : 4

## [ नामशब्दः प्रथमा विभक्ति, बहुवचन।

## क्रियाशब्द : प्रथम पुरुष, बहुवचन ]

| | |
|---|---|
| बालका : खेलन्ति। | युवकाः हसन्ति। |
| छात्राः पठन्ति। | छात्राः लिखन्ति। |
| अजाः चरन्ति। | गजाः चलन्ति। |
| अश्वाः धावन्ति। | शुकाः वदन्ति। |
| काकाः कायन्ति। | कोकिलाः कूजन्ति। |

**शब्दार्थः--**

बालकाः=(बहुत) लड़के		खेलन्ति = (वे) खेलते हैं।

## अभ्यास :-

1. युवकाः, गजाः, काकाः- इन नामशब्दों को नीचे दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर लिख कर, वाक्यों को पूरा करोः-

....... चलन्ति। ....... कायन्ति। .......... हसन्ति।

2. लिखन्ति, कूजन्ति, धावन्ति - इन क्रियाशब्दों को नीचे दिए गए वाक्यों में यथास्थान लिखकर, वाक्यों को पूरा बनाओः-

कोकिलाः ..........। छात्राः ............। अश्वाः ........।

3. नीचे दिए गए संस्कृत वाक्यों का अर्थ लिखोः-

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| अजाः चरन्ति | |
| शुकाः वदन्ति | |
| बालकाः खेलन्ति | |

4. संस्कृत बनाओः-

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| विद्यार्थी पढ़ते हैं। | |
| कौवे काँव-काँव करते हैं। | |
| घोड़े दौड़ते हैं। | |

## अध्यापन - संकेतः-

अध्यापक विद्यार्थियों को स्पष्ट करें कि क्रिया को करने वाले कर्ता जब दो से अधिक होते हैं, तब कर्ता नामशब्द में प्रथमा विभक्ति बहुवचन का चिह्न 'ाः' लगता है, जैसे - बालकाः, युवकाः, छात्राः आदि।

उस के साथ क्रियाशब्द में भी प्रथम पुरुष बहुवचन का चिह्न 'न्ति' लगाया जाता है, जैसे- खेलन्ति, हसन्ति, पठन्ति आदि।

●●●

## पाठ : 5

## [ सर्वनाम शब्द: तद्, पुंलिंग, प्रथमा विभक्ति तीनों वचन।
## क्रियाशब्द: प्रथम पुरुष, तीनों वचन ]

बालक: गायति।

स: गायति

स: गच्छति।

स: आगच्छति।

स: खादति।

स: पिबति।

स: चूषति।

स: चर्वति।

स: गर्जति।

स: कूर्दति।

बालकौ गायत:।

तौ गायत:

बालका: गायन्ति।

ते गायन्ति।

| | |
|---|---|
| तौ गच्छतः। | ते गच्छन्ति। |
| तौ आगच्छतः। | ते आगच्छन्ति। |
| तौ खादतः। | ते खादन्ति। |
| तौ पिबतः। | ते पिबन्ति। |
| तौ चूषतः। | ते चूषन्ति। |
| तौ चर्वतः। | ते चर्वन्ति। |
| तौ गर्जतः। | ते गर्जन्ति। |
| तौ कूर्दतः। | ते कूर्दन्ति। |

**शब्दार्थः--**

| | | |
|---|---|---|
| सः = वह | तौ = वे दो | ते = वे |
| गाय् = गाना | √गम>गच्छ् = जाना | आ+√गम्>आगच्छ् = आना |
| खाद् = खाना | √पा>पिब् = पीना | चूष्=चूसना |
| चर्व् = चबाना | गर्ज् = गरजना | कूर्द् = कूदना |

**अभ्यास :-**

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में कर्ता के स्थान पर सः, तौ, ते सर्वनामों में से उपयुक्त सर्वनाम लगाकर, वाक्यों को पूरा करोः-**

   ...... गायति। ...... गच्छतः। ..... आगच्छन्ति।

   ...... गर्जतः। ....... कूर्दन्ति। ...... चर्वति।

2. **खादति, पिबतः, चूषन्ति- इन क्रियाशब्दों में से उपयुक्त क्रिया शब्द नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में लिख कर, वाक्यों को पूरा करोः-**

   तौ .....। सः....। ते.....।

## 3. संस्कृत बनाओ :-

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| वह गाता है। | |
| वे दो जाते हैं। | |
| वे आते हैं। | |
| वे दो चूसते हैं। | |
| वे गरजते हैं। | |
| वह कूदता है। | |

## अध्यापन - संकेत:--

अध्यापक हिन्दी के उदाहरण देकर विद्यार्थियों को बतायें कि जब नामशब्द को बार-बार दोहराना न हो, तो उस नामशब्द के स्थान पर सर्वनाम शब्द का प्रयोग किया जाता है, जैसे - बालक: गायति। लड़का गाता है। स: खेलति। वह खेलता है।

अब तक पढ़े हुए सभी नामशब्दों और सर्वनाम शब्दों के रूप प्रथमा विभक्ति के सभी वचनों- एकवचन, द्विवचन, बहुवचन में लिखने को कहा जाये। उसी प्रकार, अब तक पढ़े गए सभी क्रियाशब्दों के रूप प्रथम पुरुष के एकवचन, द्विवचन, बहुवचन में लिखवा कर उनका अभ्यास करवाया जाये।

●●●

# पाठ : 6

## [ सर्वनाम शब्दः युष्मद्, प्रथमा विभक्ति एकवचन।

## क्रियाशब्दः मध्यम पुरुष, एकवचन ]

त्वम् आगच्छसि।

त्वं पठसि।

त्वं लिखसि।

त्वं चलसि।

त्वं न धावसि।

त्वं सदा हससि।

यदा त्वं खादसि।

तदा त्वं न वदसि।

त्वं कदा खेलसि ?

अधुना त्वं गायसि।

**शब्दार्थ :--**

| | | |
|---|---|---|
| त्वम् = तू | न = नहीं | सदा = हमेशा |
| यदा = जब | तदा = तब | कदा = कब |
| अधुना = अब | पठसि = (तू) पढ़ता है | लिखसि = (तू) लिखता है |

## अभ्यास :--

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित क्रियाशब्दों के साथ उचित चिह्न लगाकर वाक्यों को पूरा करोः-**

   त्वं चल .....।  त्वं पठ......।  त्वं सदा हस.......।

2. **संस्कृत बनाओः-**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| जब तू खाता है। | |
| तब तू नहीं बोलता है। | |
| अब तू गाता है। | |
| तू कब खेलता है? | |
| तू आता है। | |

## अध्यापन-संकेतः--

जिससे हम बातचीत करते हैं, उसे 'तू' या 'त्वम्' कह कर बात करते हैं, इसे ही मध्यम पुरुष का सर्वनाम कहते हैं।

अब तक पढ़ी हुई धातुओं के साथ 'सि' चिह्न लगा कर, क्रियाशब्दों के मध्यम पुरुष एकवचन के रूप का अभ्यास कराया जाये।

●●●

## पाठ : 7

## [ सर्वनाम शब्द: युष्मद्, प्रथमा विभक्ति, द्विवचन। क्रियाशब्द: मध्यम पुरुष, द्विवचन ]

प्रात: युवां पठथ:।

सायं युवां खेलथ:।

अधुना युवां भ्रमथ:।

सदा युवां हसथ:।

अद्य युवां गायथ:।

यत्र युवां विशथ:।

तत्र युवाम् उपविशथ:।

अत्र युवां खेलथ:।

युवां सर्वत्र गच्छथ:।

युवां कुत्र धावथ: ?

**शब्दार्थ :--**

| | | |
|---|---|---|
| युवाम् = तुम दो | गायथ: = (तुम दो) गाते हो | अद्य = आज |
| प्रात: = सवेरे | सायं = शाम | यत्र = जहाँ |
| तत्र = वहाँ | अत्र = यहाँ | सर्वत्र = सब जगह पर |
| कुत्र = कहाँ | भ्रम् = घूमना | उपविश् = बैठना। |
| विश् = घुसना, अंदर जाना | | |

## अभ्यास :--

1. **रेखांकित क्रियाशब्दों के साथ उचित चिह्न लगाकर, वाक्यों को पूरा करो :-**

   प्रातः युवां पठ.....।   सायं युवां खेल........।   सर्वत्र युवां गच्छ.......।

2. **नीचे दिए गए वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द लगाओः-**

   ......... धावथः।   .......विशथः।   भ्रमथः।

3. **संस्कृत बनाओः-**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| आज तुम दो गाते हो। | |
| हमेशा तुम दो हँसते हो। | |
| वहाँ पर तुम दो बैठते हो। | |

## अध्यापन - संकेतः--

अब तक पढ़ी हुई सभी धातुओं के साथ मध्यम पुरुष के द्विवचन के चिह्न 'थः' को लगाकर क्रियाशब्दों के रूप लिखने को कहा जाये।

●●●

## पाठ : 8

## [ सर्वनाम शब्दः युष्मद्, प्रथमा विभक्ति, बहुवचन।
## क्रियाशब्दः मध्यम पुरुष, बहुवचन ]

यूयम् अपि हसथ।

यूयं सदा नन्दथ।

यूयम् एव गायथ।

अधुना यूयं पठथ।

यूयं कदा खेलथ?

अत्र यूयम् आगच्छथ।

यत्र यूयं तिष्ठथ।

तत्र यूयम् उपविशथ।

यूयं कुत्र गच्छथ?

सर्वत्र यूयं भ्रमथ।

### शब्दार्थ :--

| | | |
|---|---|---|
| यूयम् = तुम | हसथ = (तुम) हँसते हो | अपि = भी |
| एव = ही | नन्द् = खुश होना | तिष्ठ् = ठहरना |

## अभ्यास :--

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित क्रियाशब्दों के साथ उचित चिह्न लगाकर, वाक्यों को पूरा करोः-**

   अधुना यूयं पठ ..........।  यत्र यूयं तिष्ठ............।

   यूयम् अपि हस..........।  सर्वत्र यूयं भ्रम............।

2. **नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उपयुक्त सर्वनाम शब्द भरकर, वाक्यों को पूरा करोः-**

   ....... एव गायथ।  ........ आगच्छथ।  ....... खेलथ।

3. **संस्कृत वाक्यों का हिन्दी में अर्थ लिखोः-**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| यूयं सदा नन्दथ। | |
| तत्र यूयम् उपविशथ। | |
| यूयं कुत्र गच्छथ ? | |

4. **संस्कृत बनाओः--**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| तुम भी हँसते हो। | |
| तुम कब खेलते हो ? | |
| अब तुम पढ़ते हो। | |

## अध्यापन - संकेतः--

अध्यापक विद्यार्थियों को अब तक पढ़ी हुई सभी धातुओं के साथ 'थ' चिह्न लगाकर, क्रियाशब्दों के रूप मध्यम पुरुष के बहुवचन में कॉपी पर लिखने को कहें।

●●●

## पाठ : 9

## [ सर्वनाम शब्दः अस्मद्, प्रथमा विभक्ति, एकवचन। क्रियाशब्दः उत्तम पुरुष, एकवचन ]

अहं प्रातः एव भ्रमामि।

सायम् अहं खेलामि।

अहं तत्र न गच्छामि।

अहम् अत्र उपविशामि।

अधुना अहं गायामि।

प्रातः अहं पठामि लिखामि च।

सायम् अहं खेलामि कूर्दामि च।

अहं गच्छामि आगच्छामि च।

अधुना अहं खादामि पिबामि च।

अहं सदा नन्दामि हसामि च।

**शब्दार्थ :--**

अहम् = मैं

गायामि = (मैं) गाता हूँ

**अभ्यास :-**

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित क्रियाशब्दों के साथ उचित चिह्न लगाकर, वाक्यों को पूरा करो:-**

   अहं गाय............।    अहं गच्छ............। अहं नन्द............।

2. **नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उपयुक्त सर्वनाम शब्द भरकर, वाक्यों को पूरा करो:-**

............ भ्रमामि। ............ उपविशामि ............ कूर्दामि।

3. **संस्कृत वाक्यों का अर्थ लिखो:-**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| अहम् अत्र उपविशामि।<br>अहं गच्छामि आगच्छामि च।<br>अहं सदा नन्दामि। | |

4. **संस्कृत बनाओ:-**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| शाम को मैं खेलता हूँ।<br>मैं वहाँ पर नहीं जाता हूँ।<br>अब मैं खाता हूँ और पीता हूँ। | |

## अध्यापन-संकेत:-

अध्यापक विद्यार्थियों को बतायें कि बात करने वाला स्वयं को 'मैं' या 'अहम्' कहता है। यह उत्तमपुरुष का सर्वनाम है।

वाक्य में इस के साथ आने वाली क्रिया में 'आमि' ='ामि', चिह्न लगाया जाता है, जैसे --- पठामि, लिखामि, गायामि आदि। अध्यापक अब तक पढ़ाई गई सभी धातुओं के साथ उत्तम पुरुष के एकवचन के चिह्न 'ामि' को ब्लैक बोर्ड पर लिखकर समझाएँ तथा विद्यार्थियों को अपनी कॉपी में लिखने को कहें।

●●●

## पाठ : 10

## [ सर्वनाम शब्दः अस्मद् प्रथमा विभक्ति, द्विवचन।
## क्रियाशब्दः उत्तम पुरुष, द्विवचन ]

तत्र आवां धावावः।

अत्र आवां खेलावः।

आवां कुत्र भ्रमावः ?

यत्र आवां गच्छावः।

आवां सर्वत्र नन्दावः।

प्रातः आवां कुत्रापि न गच्छावः।

तदा आवां पठावः लिखावः च।

सायम् आवां खेलावः कूर्दावः च।

यत्र आवां विशावः।

तत्र आवाम् उपविशावः।

**शब्दार्थ :-**

आवाम् = हम दो खेलाव: = (हम दो) खेलते हैं कुत्रापि = कहीं भी

**अभ्यास :--**

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित क्रियाशब्दों में उचित चिह्न लगाकर, वाक्यों को पूरा करो:-**

   आवाम् उपविश..... । आवां लिख........ । आवां धाव......... ।

2. **नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उपयुक्त सर्वनाम शब्द भरकर, वाक्यों को पूरा करो:-**

   ............. खेलाव: । ............. भ्रमाव: । ............. नन्दाव: ।

3. **संस्कृत वाक्यों के अर्थ लिखो:-**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| प्रात: आवां कुत्रापि न गच्छाव: । | |
| तदा आवां पठाव: । | |
| यत्र आवां विशाव: । | |

4. **संस्कृत बनाओ:-**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| जहाँ पर हम दो जाते हैं। | |
| वहाँ पर हम दो बैठते हैं। | |
| यहाँ पर हम दो खेलते हैं। | |

**अध्यापन-संकेत:-**

अब तक पढ़ी हुई सभी धातुओं के साथ = 'ाव:' चिह्न लगाकर, क्रियाशब्दों के उत्तमपुरुष द्विवचन में रूप बनाने को कहा जाये।

●●●

## पाठ : 11

## [ सर्वनाम शब्दः अस्मद्, प्रथमा विभक्ति, बहुवचन। क्रियाशब्दः उत्तम पुरुष, बहुवचन ]

वयम् अपि आगच्छाम :।

वयम् अत्र एव उपविशामः।

अद्य वयं न धावामः।

अधुना वयं तिष्ठामः।

वयं सायम् एव खेलामः।

वयम् अत्र पठामः लिखामः च।

वयं तत्र खादामः पिबामः च।

वयं सदा नन्दामः हसामः च।

वयं कुत्रापि न गच्छामः।

वयम् एव वदामः।

**शब्दार्थ : –**

वयम् = हम    आगच्छामः = (हम) आते हैं

**अभ्यास : ––**

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित क्रियाशब्दों के साथ उपयुक्त चिह्न लगाकर, वाक्यों को पूरा करोः–**

   वयम् आगच्छ..... ।    वयं तिष्ठ....... ।    वयं धाव...... ।

2. **नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उपयुक्त सर्वनाम शब्द भरकर, वाक्यों को पूरा करोः–**

   ........ उपविशामः ।    ........ हसामः ।    ........ खेलामः ।

3. **नीचे दिए गए संस्कृत वाक्यों का अर्थ लिखोः–**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| वयम् अत्र पठामः । | |
| वयं तत्र खादामः । | |
| वयं सदा नन्दामः । | |

4. **संस्कृत बनाओः–**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| हम यहाँ पर ही बैठते हैं। | |
| आज हम नहीं दौड़ते हैं। | |
| हम कहीं भी नहीं जाते हैं। | |

**अध्यापन–संकेतः–**

1. अब तक पढ़ी हुई सभी धातुओं के साथ 'आमः' = 'ामः' चिह्न लगाकर, क्रियाशब्दों के रूप उत्तम पुरुष बहुवचन में बनाने का अभ्यास कराया जाये।
2. किन्हीं दस धातुओं के रूप प्रथमपुरुष, मध्यमपुरुष, उत्तमपुरुष के एकवचन, द्विवचन, और बहुवचन में लिखवाए जायें।

●●●

# पाठ : 12

## [ विशेषण शब्दः अकारान्त, पुलिंग, प्रथमा विभक्ति ]

श्वेत: अश्व: धावति।

स्वस्थ: बालक: खेलति।

प्रसन्न: युवक: हसति।



श्वेतौ अश्वौ धावत:।

स्थूलौ गजौ चलत:।

चंचलौ वानरौ कूर्दत:।

श्वेता: अश्वा: धावन्ति।

कृष्णा: काका: कायन्ति।

कृष्णा: कोकिला: कूजन्ति।

हरिता: शुका: वदन्ति।

**शब्दार्थ :--**

| | | |
|---|---|---|
| श्वेत = सफेद | स्वस्थ = तन्दरुस्त | प्रसन्न = खुश |
| स्थूल = मोटा | चंचल = नटखट | वानर = बंदर |
| कृष्ण = काला | हरित = हरा | |

**अभ्यास :--**

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित क्रियाशब्दों के साथ उचित चिह्न लगाकर, वाक्यों को पूरा करो:-**

   श्वेतौ **अश्वौ** धाव .........। स्वस्थ: **बालक:** खेल .........।
   हरिता: **शुका:** वद.........।

**2. रेखांकित नामशब्दों में उचित चिह्न लगाकर वाक्यों को पूरा करोः-**

प्रसन्नः युवक हसति। कृष्णाः काक कायन्ति।स्थूलौ गज चलतः।

**3. रेखांकित विशेषण शब्दों में उचित चिह्न लगाकर, वाक्यों को पूरा करोः-**

श्वेत अश्वः धावति। चंचलौ वानरौ कूर्दतः। कृष्णः कोकिलाः कूजन्ति।

**4. निम्नलिखित संस्कृत वाक्यों का हिन्दी में अर्थ लिखोः-**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| हरिताः शुकाः वदन्ति।<br>श्वेतौ अश्वौ धावतः।<br>स्वस्थः बालकः खेलति। | |

**5. संस्कृत बनाओः-**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| सफेद घोड़ा दौड़ता है।<br>दो चंचल वानर कूदते हैं।<br>दो मोटे हाथी चलते हैं। | |

**अध्यापन-संकेतः-**

1. उदाहरण देकर विद्यार्थियों को समझाया जाये कि **व्यक्तियों और वस्तुओं ( नामशब्दों ) के रंग, रूप और स्वभाव आदि गुणों की विशेषता को बताने वाले शब्दों को 'विशेषण' कहते हैं,** जैसे - श्वेत, कृष्ण, हरित, स्थूल, चंचल आदि।
2. नामशब्दों और उनके विशेषण शब्दों में एक समान ही लिंग, विभक्ति, और वचन के चिह्न लगते हैं, जैसा कि इस पाठ के वाक्यों में सभी नामशब्द पुंलिंग प्रथमा विभक्ति में हैं, और विशेषण शब्द भी उन्हीं के समान पुंलिंग प्रथमा विभक्ति में हैं। एकवचन के नामशब्द के साथ विशेषण शब्द एकवचन में हैं। इसी प्रकार द्विवचन के नामशब्द के साथ विशेषण शब्द भी द्विवचन में, और बहुवचन के नामशब्द के साथ विशेषण शब्द भी बहुवचन में हैं। जैसे - स्वस्थः बालकः। स्थूलौ गजौ। श्वेताः हंसाः।

●●●

## पाठ : 13

## [ नामशब्दः अकारान्त, पुलिंग, द्वितीया विभक्ति ]

वीरसिंहः लेखं लिखति।

राजेशः पाठं पठति।

राकेशः अपूपं खादति।

अहं मयूरं पश्यामि।

प्रदीपः लेखौ लिखति।

सन्दीपः पाठौ पठति।

त्वम् अपूपौ खादसि।

जार्जः पाठान् पठति।

रहीमः लेखान् लिखति।

वयम् अपूपान् खादामः।

**शब्दार्थः--**

| | | |
|---|---|---|
| पाठम् = पाठ को | पाठौ = दो पाठों को | पाठान् = पाठों को |
| अपूपम् = मालपूए को | मयूरम् = मोर को | पश्य् = देखना |
| लेखम् = लेख को, निबन्ध को | | |

**अभ्यास :--**

1. **लेखं, पाठौ, अपूपान् --- इन नामशब्दों को नीचे दिए गए उपयुक्त रिक्त स्थानों में लिख कर, वाक्यों को पूरा करोः--**

   वीर सिंहः--- लिखति। सन्दीपः--- पठति। वयम्--- खादामः।

**2. नीचे दिए गए रेखांकित नामशब्दों में उचित चिह्न लगाकर वाक्यों को पूरा करो:-**

अहं <u>मयूर</u> पश्यामि।  प्रदीप: <u>लेख</u> लिखति।  जार्ज:- <u>पाठ</u> पठति।

**3. संस्कृत वाक्यों का हिन्दी में अर्थ लिखो:-**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| रहीम: लेखान् लिखति।<br>त्वम् अपूपौ खादसि।<br>राजेश: पाठं पठति। | |

**4. संस्कृत बनाओ:-**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| प्रदीप दो लेखों को लिखता है।<br>जार्ज पाठों को पढ़ता है।<br>मैं मोर को देखता हूँ। | |

## अध्यापन - संकेत:--

1. अध्यापक विद्यार्थियों को समझाएं कि **क्रिया के विषय को कर्म कहते हैं। कर्म नामशब्द में द्वितीया विभक्ति का चिह्न लगाया जाता है।** जैसे 'वह पाठ को पढ़ता है' हम हिन्दी के वाक्य में 'पढ़ना' क्रिया का कर्म 'पाठ' है, और 'पाठ' नामशब्द के साथ 'को' चिह्न लगाया गया है। इसी प्रकार 'स: पाठं पठति' इस संस्कृत वाक्य में 'पाठं' नामशब्द 'कर्म' है और इस नामशब्द में द्वितीया विभक्ति का चिह्न लगा हुआ है।
2. संस्कृत में द्वितीया विभक्ति के चिह्न ये हैं - एकवचन में 'म्' = 'ं' द्विवचन में 'औ' = 'ौ'; और बहुवचन में 'आन्' ='ान्'। जैसे - 'पाठ' नामशब्द के द्वितीया विभक्ति के एकवचन द्विवचन, और बहुवचन में रूप क्रमश: ये हैं - पाठम्, पाठौ, पाठान्।
3. अध्यापक विद्यार्थियों को इसी प्रकार के दस नामशब्दों के रूप द्वितीया विभक्ति के सभी वचनों में लिखने को कहें।

●●●

## पाठ : 14

# [ नामशब्दः विशेषण शब्दः अकारान्त, पुलिंग, द्वितीया विभक्ति ]



अश्वः हरितं घासं खादति।

जार्जः निजं पाठं पठति।

वीरसिंहः सुन्दरं लेखं लिखति।

जनकः प्रियौ पुत्रौ पश्यति।

त्वं श्वेतौ कपोतौ पश्यसि।

अहं कृष्णौ अजौ नयामि।

दशरथः प्रियान् पुत्रान् पश्यति।

युवां चंचलान् वानरान् पश्यथः।

सैनिकाः श्वेतान् अश्वान् नयन्ति।

वयं मनोहरान् मयूरान् पश्यामः।

**शब्दार्थः-**

| | | |
|---|---|---|
| घास = घास | निज = अपना | सुंदर = सुन्दर, खूबसूरत |
| जनक = पिता | प्रिय = प्यारा | पुत्र = बेटा |
| नय = ले जाना | सैनिक = फौजी | मनोहर = मन को भाने वाले सुन्दर |
| कपोत = कबूतर | | |

## अभ्यासः--

1. **हरितं, प्रियौ, चंचलान् -- इन विशेषण शब्दों को नीचे दिए गए उचित रिक्त स्थानों में लिख कर, वाक्यों को पूरा करो--**

   युवां ...... वानरान् पश्यथः। जनकः .... पुत्रौ पश्यति। अश्वः ... घासं खादति।

2. **नीचे दिए गए रेखांकित विशेषण शब्दों में उचित चिह्न लगाओः-**

   वयं <u>मनोहर</u> मयूरान् पश्यामः। अहं <u>कृष्ण</u> अजौ नयामि। जार्जः <u>निज</u> पाठं पठति।

3. **संस्कृत वाक्यों का हिन्दी में अर्थ लिखोः-**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| सैनिकाः श्वेतान् अश्वान् नयन्ति।<br>वीरसिंहः सुन्दरं लेखं लिखति।<br>त्वं श्वेतौ कपोतौ पश्यसि। | |

4. **संस्कृत बनाओः-**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| दशरथ प्यारे पुत्रों को देखता है।<br>मैं दो काले बकरों को ले जाता हूँ।<br>घोड़ा हरी घास को खाता है। | |

## अध्यापन-संकेतः-

1. विद्यार्थियों को यह नियम स्मरण कराया जाये कि विशेषण शब्दों में वहीं लिंग, विभक्ति और वचन होता है, जो उन के नामशब्दों में होता है, जैसा कि इस पाठ के वाक्यों में विशेषण शब्द और नामशब्द, दोनों ही, पुंलिंग द्वितीया विभक्ति के क्रमशः एकवचन, द्विवचन और बहुवचन में है, यथा- हरितं घासं, श्वेतौ कपोतौ, श्वेतान् अश्वान्।

●●●

# पाठ : 15

## [ नामशब्दः अकारान्त, नपुंसकलिंग।
## सर्वनाम शब्दः तद्, नपुंसकलिंग, प्रथमा विभक्ति ]

| | |
|---|---|
| फलं पतति। | तत् पतति। |
| पुष्पं विकसति। | तत् विकसति। |
| कमलं रोहति। | तत् रोहति। |

| | |
|---|---|
| फले पततः। | ते पततः। |
| पुष्पे विकसतः। | ते विकसतः। |
| कमले रोहतः। | ते रोहतः। |

| | |
|---|---|
| फलानि पतन्ति | तानि पतन्ति। |
| पुष्पाणि विकसन्ति। | तानि विकसतः। |
| कमलानि रोहन्ति। | तानि रोहन्ति। |

### शब्दार्थ :--

| | | |
|---|---|---|
| फलम् =एक फल | फले = दो फल | फलानि = (बहुत) फल |
| तत् = वह | ते = वे दो | तानि = वे (बहुत) |
| पत् = गिरना | विकस् = खिलना | रोह् = उगना |
| पुष्प = फूल | कमल = कमल | |

## अभ्यास :--

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित नामशब्दों में उचित चिह्न लगाओः-**

   <u>फल</u> पतति।　　　　<u>पुष्प</u> विकसतः।　　　　<u>कमल</u> रोहन्ति।

2. **नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में तत्, ते तानि सर्वनामों में से उपयुक्त सर्वनाम लगाकर वाक्यों को पूरा करोः-**

   ............ विकसति।　　........... रोहतः।　　........... पतन्ति।

3. **रोहति, पततः, विकसन्ति--- उन क्रियाशब्दों में से उपयुक्त क्रियाशब्द नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में भर कर, वाक्यों को पूरा करोः-**

   ते ...........।　　　　तत्..........।　　　　तानि..............।

4. **संस्कृत बनाओ।**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| फूल खिलता है।<br>दो कमल उगते हैं।<br>फल गिरते हैं। | |

## अध्यापन-संकेतः-

1. विद्यार्थियों को यह बताया जाये कि संस्कृत में कुछ नामशब्द पुंलिंग में होते हैं, जैसे - बालक, युवक, छात्र आदि। और कुछ नामशब्द नपुंसकलिंग में होते हैं, जैसे-फल, पुष्प, कमल आदि।

   पुंलिंग नामशब्दों के लिए प्रथमा विभक्ति के चिह्न हम पहले ही पढ़ चुके हैं, वे हैं : , ौ, ाः, । इन चिह्नों के लगाने से पुंलिंग नामशब्दों के रूप बनते हैं--- बालकः, बालकौ, बालकाः।

   किन्तु नपुंसकलिंग नामशब्दों के लिए प्रथमा विभक्ति के चिह्न भिन्न हैं, वे हैं.. म्, े, ानि। इन चिह्नों के लगाने से नुपंसकलिंग नामशब्दों के रूप बनते हैं - फलम्, फले, फलानि। कमलम् कमले, कमलानि।

2. सर्वनाम के बारे में हम पहेल ही पाठ 5 में पढ़ चुके हैं कि वे नामशब्दों के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं। सर्वनाम 'तद्' के पुंलिंग में ये रूप होते हैं --- सः, तौ, ते और नपुंसकलिंग में 'तद्' सर्वनाम के रूप बनते हैं--- तत् ते, तानि।

●●●

## पाठ : 16

| [ नामशब्द-सर्वनाम-विशेषण-शब्द नपुंसकलिंग, प्रथमा विभक्ति ] | [ नामशब्द-सर्वनाम-विशेषण-शब्द नपुंसकलिंग, द्वितीया विभक्ति ] |
|---|---|

| | |
|---|---|
| दुग्धं मधुरं भवति। | बालकः मधुरं दुग्धं पिबति। |
| तत् जलं स्वच्छं भवति। | अहं स्वच्छं जलं पिबामि। |
| ते वस्त्रे मलिने भवतः। | रजकः मलिने वस्त्रे नयति। |
| ते फले पक्वे भवतः। | त्वं पक्वे फले चूषसि। |
| तानि हरितानि पत्राणि पतन्ति। | अजाः हरितानि पत्राणि चर्वन्ति। |
| तानि श्वेतानि पुष्पाणि विकसन्ति। | यूयं श्वेतानि पुष्पाणि जिघ्रथ। |
| तत्र नीलानि कमलानि रोहन्ति। | वयं तत्र नीलानि कमलानि पश्यामः। |

### शब्दार्थ :--

| | | |
|---|---|---|
| दुग्धम् (नपुं) = दूध | मधुर (विशेषण) = मीठा | भव् = होना |
| जलम् (नपुं) = पानी | स्वच्छ (विशेषण) = साफ | रजकः = धोबी |
| वस्त्रम् (नपुं) = कपड़ा | मलिन (विशेषण) = मैला | पक्व = पका हुआ |
| पत्रम् (पुं) = पत्ता | जिघ्र = सूँघना | |
| नील (विशेषण) = नीला | | |

## अभ्यास :--

1. **नीचे दिए गए रेखांकित शब्दों में उचित चिह्न लगाकर, वाक्यों को पूरा करो:-**

दुग्धं मधुर भवति। अहं स्वच्छ जलं पिबामि।

ते वस्त्रे मलिन भवत:। वयं तत्र नीलानि कमल पश्याम:।

2. **नीचे दिए गए संस्कृत वाक्यों का हिन्दी में अर्थ लिखो:-**

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| अजा: हरितानि पत्राणि चर्वन्ति।<br>त्वं पक्वे फले चूषसि।<br>रजक: मलिने वस्त्रे नयति। | |

3. **संस्कृत बनाओ।**

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| दूध मीठा होता है।<br>वहां पर नीले कमल उगते हैं।<br>मैं स्वच्छ जल पीता हूँ। | |

## अध्यापन - संकेत:-

1. विद्यार्थियों को यह बताया जाये कि नपुंसकलिंग नामशब्दों के रूप प्रथमा और द्वितीया विभक्तियों में एक समान होते हैं। उदाहरण के लिए इस पाठ में प्रथमा विभक्ति और द्वितीया विभक्ति के नपुंसकलिंग नामशब्दों का प्रयोग आमने-सामने के वाक्यों में किया गया है, ताकि विद्यार्थी आसानी से तुलना करके उन्हें समझ सकें।

# पाठ : 17

## [ नामशब्दः विशेषण शब्दः पुलिंग/नपुंसकलिंग, तृतीया विभक्ति ]



बालकाः कन्दुकेन खेलन्ति।

कृषकः जलेन क्षेत्रं सिंचति।

अहं श्वेतेन अश्वेन ग्रामं गच्छामि।

युवकः दक्षिणेन हस्तेन दण्डं धरति।

रथः चक्राभ्यां चलति।

सः पादाभ्याम् उपवनं गच्छति।

अहं नेत्राभ्यां पश्यामि।

अजः दन्तैः घासं चर्वति।

कृषकाः खनित्रैः क्षेत्राणि खनन्ति।

बालकाः बालकैः सह खेलन्ति।

## शब्दार्थ :-

| | |
|---|---|
| कन्दुकः (पुं.) = गेंद | कृषकः (पुं.) = किसान |
| सिंच् = सींचना | ग्रामः (पुं.) = गाँव |
| दक्षिण (विशेषण) = दाहिना | हस्तः (पुं.) = हाथ |
| दण्डः (पुं.) = डंडा | धर् = पकड़ना |
| रथः (पुं.) = रथ | चक्रम् (नपुं.) = पहिया |
| पादः (पुं.) = पैर | दन्तः (पुं.) = दांत |
| उपवनम् (नपुं.) = बाग | नेत्रम् (नपुं.) = आँख |
| क्षेत्रम् (नपुं.) = खेत | खनित्रम् (नपुं.) = फावड़ा, कुदाल, खुर्पा |
| खन् = खोदना | सह् (अव्यय) = साथ |

## अभ्यास :-

1. **कन्दुकेन, नेत्राभ्याम्, दन्तैः....... इन नाम शब्दों को नीचे दिए गए वाक्यों में उचित रिक्त स्थानों पर रख कर वाक्यों को पूरा करोः-**

   बालकाः ...... खेलन्ति। अहं ....... पश्यामि। अजः ...... घासं चर्वति।

2. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित नामशब्दों के साथ उचित चिह्न लगाओः-**

   रथः चक्र चलति।        कृषकाः खनित्र क्षेत्राणि खनन्ति।

   कृषकः जल क्षेत्रं सिंचति।

3. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के साथ उचित चिह्न लगाओः-**

   युवकः दक्षिण हस्तेन दण्डं धरति।     अहं श्वेत अश्वेन ग्रामं गच्छामि।

## 4. संस्कृत वाक्यों का हिन्दी में अर्थ लिखो:-

| संस्कृत वाक्य | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| कृषक: जलेन क्षेत्रं सिंचति। | |
| स: पादाभ्याम् उपवनं गच्छति। | |
| बालका: बालकै: सह खेलन्ति। | |

## 5. संस्कृत बनाओ:

| हिन्दी वाक्य | संस्कृत वाक्य |
|---|---|
| मैं दो आँखों से देखता हूँ। | |
| बकरा दाँतों से घास को चबाता है। | |
| मैं सफेद घोड़े से गाँव को जाता हूँ। | |

## अध्यापन- संकेत:-

1. क्रिया जिस साधन से की जाती है, या जिस के साथ की जाती है, उस साधन नामशब्द में तृतीया विभक्ति के चिह्न लगते हैं। अध्यापक ऊपर से इस पाठ के वाक्यों से उदाहरण देकर विद्यार्थियों को यह बात समझायें।
2. तृतीया विभक्ति के चिह्न ये हैं --- एकवचन में 'एन:' =' ेन:', यथा 'अश्वेन:'। द्विवचन में 'आभ्याम्' यथा 'अश्वाभ्याम्'। बहुवचन में 'ऐ:' = ' ै :', यथा 'अश्वै:'।
3. पुलिंग और नपुंसकलिंग नामशब्दों के लिए तृतीया विभक्ति के चिह्न एक समान हैं। उदाहरण के लिए :--

   पुलिंग नामशब्द 'बालक:' बालकेन बालकाभ्याम् बालकै:

   नपुंसकलिंग नामशब्द 'चक्र': चक्रेण चक्राभ्याम् चक्रै:
4. हम पहले ही पढ़ चुके हैं कि नामशब्द के साथ लगने वाले विशेषण शब्द में भी उसी के समान विभक्ति चिह्न लगते हैं, जैसे---

   'पुं.' श्वेतेन अश्वेन। श्वेताभ्याम् अश्वाभ्याम्। श्वेतै: अश्वै:।

   'नपुं.' मधुरेण फलेन। मधुराभ्यां फलाभ्याम्। मधुरै: फलै:।

## पाठ : 18

# [ नामशब्द, विशेषण शब्दः पुलिंग/ नपुंसकलिंग, चतुर्थी विभक्ति ]

अहं प्रातः भ्रमणाय उपवनं गच्छामि।

प्रातः भ्रमणं सुखाय भवति।

छात्राः पठनाय विद्यालयं गच्छन्ति।

त्वं प्रियाय बालकाय दुग्धम् आनयसि।

स्वर्णकारः कर्णाभ्यां कुण्डले आनयति।

जनकः प्रियाभ्यां पुत्राभ्यां कन्दुकौ यच्छति।

छात्राः पुस्तकेभ्यः आपणं गच्छन्ति।

मालाकारः जनेभ्यः पुष्पाणि आनयति।

वयं मधुरेभ्यः फलेभ्यः उपवनं गच्छामः।

अध्यापकः नवीनेभ्यः छात्रेभ्यः पुस्तकानि यच्छति।

**शब्दार्थ :-**

भ्रमणम् (नपुं.) = घूमना, सैर

पठनम् (नपुं.) = पढ़ना, पढाई

आनय् = लाना

कर्णः (पुं.) = कान

यच्छ् = देना

आपणः (पुं.) = दुकान

जनः (पुं.) = लोग

नवीन (विशेषण) = नया

सुखम् (नपुं.) = सुख, आराम

विद्यालयः (पुं.) = स्कूल

स्वर्णकारः (पुं.) = सुनार

कुण्डलम् (नपुं.) = कान का गहना

पुस्तकम् (नपुं.) = किताब

मालाकारः (पुं.) = माली

अध्यापकः (पुं.) = अध्यापक,

**अभ्यास :--**

1. **जनेभ्यः, कर्णाभ्याम्, सुखाय -- इन नाम शब्दों को नीचे के वाक्यों में उचित रिक्त स्थानों में लिख कर, वाक्यों को पूरा करो:-**

   प्रातः भ्रमणं.......... भवति।     मालाकार : ......... पुष्पाणि आनयति।

   स्वर्णकार : ...... कुण्डले आनयति।

2. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित नामशब्दों के साथ उचित चिह्न लगाओ:-**

   छात्राः पठन विद्यालयं गच्छन्ति।     छात्राः पुस्तक आपणं गच्छन्ति।

   स्वर्णकारः कर्ण कुण्डले आनयति।

3. **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित नामशब्दों में उचित चिह्न लगाओ:-**

   त्वं प्रिय बालकाय दुग्धम् आनयसि।

   जनकः प्रिय पुत्राभ्यां कन्दुकौ यच्छति।

   वयं मधुर फलेभ्यः उपवनं गच्छामः।

4. **संस्कृत वाक्यों का हिन्दी में अर्थ लिखोः-**

| **संस्कृत वाक्य** | **हिन्दी अर्थ** |
|---|---|
| अहं प्रातः भ्रमणाय उपवनं गच्छामि।<br>स्वर्णकारः कर्णाभ्यां कुण्डले आनयति।<br>अध्यापकः नवीनेभ्यः छात्रेभ्यः पुस्तकानि यच्छति। | |

5. **संस्कृत बनाओः-**

| **हिन्दी वाक्य** | **संस्कृत वाक्य** |
|---|---|
| सवेरे घूमना सुख के लिए होता है।<br>हम मीठे फलों के लिए बाग को जाते हैं।<br>पिता दो प्यारे बेटों के लिए दो गेंदों को देता है। | |

## अध्यापन-संकेतः--

अध्यापक इस पाठ के वाक्यों से उदाहरण देकर विद्यार्थी को चतुर्थी विभक्ति के अर्थ और प्रयोग को समझाएं कि **क्रिया को जिस प्रयोजन के लिए किया जाता है, उस प्रयोजन में चतुर्थी विभक्ति के चिह्न लगाये जाते हैं।**

चतुर्थी विभक्ति के चिह्न ये हैं -- एकवचन में 'आय' = 'ाय', द्विवचन में 'आभ्याम्' 'ाभ्याम्' और बहुवचन में 'एभ्यः' = 'ेभ्यः' यथा -- बालकाय, बालकाभ्याम्, बालकेभ्यः।

पुलिंग और नपुंसकलिंग नामशब्दों के लिए चतुर्थी विभक्ति के चिह्न एक समान हैं, जैसे-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पुं. | अश्व | अश्वाय | अश्वाभ्याम् | अश्वेभ्यः |
| नपुं. | फल | फलाय | फलाभ्याम् | फलेभ्यः |

विशेषण शब्द अपने-अपने नामशब्दों के समान ही रूप ग्रहण करते हैं, यथा

(पुं.) = प्रियाय पुत्राय, प्रियाभ्यां पुत्राभ्याम, प्रियेभ्यः पुत्रेभ्यः।

(नपुं.) = मधुराय फलाय, मधुराभ्यां फलाभ्याम, मधुरेभ्यः फलेभ्यः।

## पाठ : 19

